Class - 6
Subject - HINDI
पाठ – 3 शब्द विचार

2. दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

क. शब्द की परिभाषा दीजिए।

उत्तर दो या दो से अधिक वर्णों का सार्थक समूह शब्द कहलाता है।
उदाहरण – मछली, पक्षी आदि

ख. शब्द कितने प्रकार के होते हैं? इन भेदों के नाम लिखिए।

उत्तर शब्द चार प्रकार के होते हैं :–

1. स्त्रोत के आधार पर
2. रचना के आधार पर
3. प्रयोग के आधार पर
4. अर्थ के आधार पर

ग. यौगिक और योगरूढ़ शब्दों में अंतर कीजिए।

उत्तर यौगिक और योगरूढ़ शब्दों में निम्नलिखित अंतर है :–

यौगिक	योगरूढ़
1. यौगिक शब्द एक से अधिक शब्दों के मेल से बनते हैं और इनके खंडों का स्वतंत्र अर्थ होता है।	1. योगरूढ़ शब्द यौगिक शब्दों से ही बनते हैं, पर इनका अर्थ निश्चित होता है।
2. यौगिक शब्द उपसर्ग, प्रत्यय, संधि और समास के नियमों से बनते हैं। उदाहरण – विद्यालय = विद्या + आलय महाराजा = महा + राजा	2. योगरूढ़ शब्द में बहुब्रीहि समास के शब्द आते हैं। उदाहरण – विषधर अर्थात शिव पीतांबर अर्थात विष्णु

घ. तत्सम और तद्भव शब्दों में अंतर स्पष्ट कीजिए।

उत्तर तत्सम और तद्भव़ शब्दों में निम्नलिखित अंतर है :–

तत्सम	तद्भव
1. तत्सम शब्द दो शब्दों के मेल से बना है। तत + सम = उसके समान	1. तद्भव शब्द भी (तत + भव) दो शब्दों के मेल से बना है जिसका अर्थ होता है – उससे उत्पन्न अथवा उससे निकला
2. ततसम का अर्थ है – संस्कृत के समान	2. तदभव का अर्थ है – संस्कृत से उत्पन्न लेकिन समान नहीं
3. जो शब्द संस्कृत के समान ही हैं, उन्हें तत्सम शब्द कहते हैं। उदाहरण – आम्र, कर्ण, मुख आदि	3. तदभव शब्द संस्कृत भाषा से निकले तो हैं लेकिन प्रयोग में उनका रूप बदल गया है। उदाहरण – आम, कान, मुँह आदि